डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(नेशनल अकादमी ऑफ़ लेटर्स)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य मंच के अंतर्गत बहुभाषी रचना–पाठ

19 अप्रैल 2018, नई दिल्ली : साहित्य अकादेमी द्वारा अकादेमी सभागार, नई दिल्ली में 'साहित्य मंच' कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत बहुभाषी रचना–पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चार भाषाओं के रचनाकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। चर्चित हिंदी कथाकार मनीष कुमार सिंह ने अपनी 'पढ़ा–लिखा सिरफिरा' शीर्षक कहानी का पाठ किया, जिसमें एक सच्चे लेखक की सामाजिक उपेक्षा के दंश का चित्रण था। श्री टासी शेर्पा और डॉ. बिभा कुमारी ने क्रमशः नेपाली और मैथिली भाषा की कविताओं का पाठ हिंदी अनुवाद के साथ किया। श्री शेर्पा की कविताओं में पुलिस पेशे का दर्द और गोर्खा समाज के प्रति शेष भारतीय समाज के आम रवैये को बखूबी चित्रित किया गया था। डॉ. बिभा की कविताएँ स्त्री मन की पीड़ा के साथ उसकी सकारात्मक चेतना को अभिव्यक्त करनेवाली थीं। अंत में उर्दू भाषा के प्रतिष्ठित शायर श्री नोमान शौक़ ने अपनी नज़्मों और ग़ज़लों से सबका मन मोह लिया। आधुनिक जनजीवन की विसंगतियों को उनमें बखूबी उजागर किया गया था। कार्यक्रम का संचालन और अंत में औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन साहित्य अकादेमी के विशेष कार्याधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार देवेश ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रोतासमूह उपस्थित था।

डॉ. के. श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 **फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली**-110 001, **दूरभाष** : +91-11-2338 7064, 2307 3002, **फैक्स** : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in